हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
12 जुलाई 2024, समय 1305

अंबाला के उपायुक्त डॉ० शालीन ने कहा है कि कल अम्बाला शहर के हर्बल पार्क में राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

राहगिरी के मंच पर शहर की छिपी हुई प्रतिभायें अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। इस दौरान गायन, नृत्य एवं अन्य विधाओं से जुड़ी हस्तियाँ पहुंचेगी।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर, मुख्यमंत्री नायब सिंह एक साईकल रैली को झंडी दिखाएंगे और मंच से आमजन को संबोधित भी करेंगे।

राहगिरी कार्यक्रम के दौरान मुफ़्त में पौधे भी वितरित किए जाएंगे।

इसके बाद 21 जुलाई को कुरुक्षेत्र के थानेसर में राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम में हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन, गतका मलखंभ व योगा के साथ-साथ अन्य प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

<u>पेरिस ओलंपिक-एथलेटिक्स सूची</u>

भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा व्यक्तिगत स्पर्धाओं में टोक्यो ओलंपिक के 36 चैंपियनों में से एक हैं, जो 26 जुलाई से पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं में अपने खिताब कायम रखने का प्रयास करेंगे।

नीरज चोपड़ा के नेतृत्व में भारतीय दल में 28 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें 17 पुरुष और 11 महिलाएं हैं, जो विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जींद जिला पुलिस की सफीदों अपराध जांच एजेंसी ने लगभग 9 क्विंटल डोडा और चूरा पोस्त सहित 2 अभियुक्त काबू किए हैं। बरामद किए गए डोडा/चूरा पोस्त की कीमत करीब 37 से 40 लाख रुपये के बीच बताई जा रही है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के गांव घाबदां निवासी सुन्दरपाल उर्फ सिन्दर व जिला संगरूर के गांव बडरुखा निवासी रिंकू सिंह के रूप में हुई है फिलहाल वे रोहतक के बाबर मोहल्ला में एक किराये के मकान में रह रहे थे और उन्होंने निर्जन गांव के पास सुरेश नाम के व्यक्ति से एक मकान किराए पर लेकर उसमें तस्करी के लिए डोडा और चूरापोस्त रखा हुआ था।

उप पुलिस अधीक्षक रोहतास ढुल ने बताया कि एक सूचना के आधार पर डयूटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार की हाजरी में निर्जन निवासी सुरेश के मकान की तलाशी ली गई। मकान के अंदर एक कमरे में 8 प्लास्टिक के कट्टे मिले, खोलकर देखने पर 7 कट्टो में डोडा व एक कट्टे में चूरा पोस्त बरामद हुआ। वहीं दूसरे कमरे में पड़े 60 कट्टों में डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ। बरामद किए गए डोडा चूर पोस्त का कुल वजन 898 किलोग्राम है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह डोडा चूरा पोस्त छत्तीसगढ़ से करीब 30 लाख रुपये में खरीद कर लाए थे।

रोबोकॉन इंडिया-2024

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान – IIT दिल्ली और प्रसार भारती आज से दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में दो दिवसीय रोबोट प्रतिस्पर्धा **डीडी रोबोकॉन इंडिया-2024** आयोजित कर रहे है

इस प्रतिस्पर्धा में देश भर से 45 से अधिक कॉलेज, संस्थान और विश्वविद्यालयों के 750 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। प्रतिस्पर्धा में, रोबोट निश्चित समय सीमा में जटिल कार्यों को पूरा करेंगे। इस प्रतिस्पर्धा में विजयी रहने वाली टीम वियतनाम के क्वानिन्ह में होने वाले **अंतर्राष्ट्रीय एशिया प्रशान्त प्रसारण संघ रोबोकॉन 2024** में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

IIT दिल्ली के प्रोफेसर S.K सिन्हा ने इस प्रतिस्पर्धा के आयोजन के लिए प्रसार भारती का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इसके द्वारा छात्रों की इंजीनियरिंग और रोबोटिक्स क्षमताओं को प्रदर्शित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए मंच मिलेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण दे रही है।

मुख्यमंत्री कल पिंजौर के यादवेंद्र गार्डन में 31वें मैंगो मेला में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक खेती की ओर रूझान बढ़ाने के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है। राज्य सरकार भी इसे आगे बढ़ा रही है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का अनुरोध करते हुए

कहा कि मेले में किसानों को जैविक खेती के लिए आधुनिक तकनीक को अपनाने का मौका मिलेगा और प्रदेश के लोगों को स्वच्छ शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

मेले में 300 से अधिक किस्मों के आम देखने को मिले। मुख्यमंत्री ने मेले में लगाई गई आम की हर स्टॉल का अवलोकन किया और सभी किस्मों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने प्रसिद्ध संगीतकार सुभाष घोष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मेले में लगे शिल्प बाजार में, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान के शिल्पकारों/ बुनकरों द्वारा हथकरघा और हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगाई गई है और वे अपने उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं।